मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-567
**31/10/2023**

# स्व0 इंदिरा गॉधी की पुण्य तिथि (राष्ट्रीय संकल्प दिवस) पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई

पटना, 31 अक्टूबर 2023 :– भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गॉधी की पुण्य तिथि के अवसर पर आज पटना के शेखपुरा स्थित इंदिरा गॉधी इन्स्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रांगण में अवस्थित स्व0 इंदिरा गॉधी की प्रतिमा प्रांगण में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 इंदिरा गॉधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधि मंत्री श्री शमीम अहमद, विधान पार्षद श्री प्रेमचंद मिश्रा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द कुमार सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 इंदिरा गॉधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया तथा सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन प्रस्तुत किया गया।

******